कोइलहा में छात्रों को दी गई वित्तीय प्रबंधन की जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। कोइलहा में स्थित चंद्रशेखर सिंह कालेज आफ फार्मेसी में गुरुवार को एनआईएसएम सेबी के शैक्षणिक संस्थान के माध्यम से दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रछात्राओं को वित्तीय प्रबंधन, वित्तीय जोखिम आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान छात्रों का प्री एवं पोस्ट आनलाइन टेस्ट भी कराया गया एवं पात्र छात्रों को संस्थान ने प्रमाणपत्र भी प्रदान दिया। कार्यक्रम में सेबी की ओर से डा. प्रवीण कुमार ने इस संबंध को में सभी को जानकारी प्रदान करते हुए मार्ग दर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य प्रो. एस के गुप्ता ने किया एवं भारत सरकार के माध्यम से चलाए गए कार्यक्रम की सराहना किया।